प्रतियोगिता | 27 वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट

# एमएमके, एमजी 11 ने जीते मैच



**नवभारत,जबलपुर।** ओलंपिक स्टेडियम खमरिया में खेली जा रही 27 वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में दिन का पहला मैच एमएमके और जेएमसी सुहागी के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित 10 ओवरों में जेएमसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 41 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएमके टीम ने ये मैच 1 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच साकिब रहे। अंपायर की भूमिका संदीप और सुरेश कन्ना , स्कोरर की भूमिका शैलेश और कमेंटेटर की भूमिका ब्रजेश ने निभाई। दिन का दूसरा मैच एमजी 11 और श्रीराम बॉयज के बीच खेला गया जिसमें एमजी 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर की पारी में एमजी 11 ने 73 रन 8 विकेट पर बनाए। जवाबी पारी में श्रीराम बॉयज 41 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और एमजी 11 ने 32 रनों से से मुकाबला जीत लिया और टीम का मैन ऑफ द मैच अमित रहे। अंपायर की भूमिका सुरेश कन्ना और विकास , स्कोरर की भूमिका विनय चवारे और कमेंटेटर की भूमिका नितेश ने निभाई। इस मौके पर खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन और सचिव विनय चवारे और समस्त यूनियन पदाधिकारी गण और ग्राउंड कमेटी सदस्य देव, अर्नब राय, दीपक, , जय कुमार , बबलू कुमार मौजूद रहे।

# ब्वॉयज एफसी उकवा ने 2-1 से जीत दर्ज की

▸ अण्डर 15 यूथ लीग स्टेट फुटबॉल चैम्पियनशिप

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में खेली जा रही फेस 2 अण्डर 15 यूथ लीग फुटबॉल ब्वॉयज स्टेट चैंपियनशिप में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच सांची वॉरियर्स एवं ब्वॉयज एफसी उकवा के बीच खेला गया। खेल के 8वें मिनट में उकवा ने पहला गोल किया, परंतु खेल के 30वें मिनट में सांची वॉरियर्स ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर रही।

मध्यांतर के पश्चात उकवा गोल करने का प्रयास करती रही। उन्हें सफलता खेल 70वें मिनट में मिली और उकवा ने गोल कर स्कोर 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। सांची वॉरियर्स अंत तक गोल करने का प्रयास करती रही, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और अंत में ब्वॉयज एफसी उकवा ने 2-1 से जीत दर्ज कर 3 अंक अर्जित किए।

## दूसरा मैच रहा ड्रा

लाइंस फुटबॉल अकादमी जबलपुर एवं सतना सोल्डर सतना के बीच खेला गया। खेल के सुरू होते हीं दोनों टीमें गोल करने का प्रयास करते हुए एक दूसरे के गोल पर आक्रमण करती रहीं, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मध्यांतर तक दोनों टीमे गोलरहित बराबरी पर रहीं। मध्यांतर के पश्चात एक बार फिर से दोनों टीम गोल करने का प्रयास किया, परंतु गलत तालमेल के अभाव के कारण गोल करने में असफल रही। अंत में यह मैच गोल रहित बराबर पर छूटा। दोनों टीमों ने एक-एक अंक अर्जित किया। रेफरी इंचार्ज ज एल श्रीवास एवं मैच कमिश्नर पृथ्वीराज सोलंकी नीमच रहे।

# ऑनलाइन डरा-धमकाकर युवक से 1 .39 लाख की ठगी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत शारदा नगर निवासी युवक को ऑनलाइन डरा धमकाकर साइबर ठगों ने 1 लाख 39 हजार रूपए की चपत लगा दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शारदा नगर करमेत निवासी 36 वर्षीय संजय गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे ऑनलाइन संपर्क किया। आरोपी ने संजय को डराया और गंभीर चोट पहुँचाने की धमकी देकर मानसिक दबाव बनाया। इस भय का लाभ उठाते हुए जालसाज ने बड़ी चालाकी से संजय के खाते से 1 लाख 39 हजार रुपये पार कर दिए।

# लोकप्रियता के चलते रविवार को भी लगेगा जैविक हाट

**नवभारत,जबलपुर।** बढ़ती लोकप्रियता और शुद्धता के प्रति विश्वास के चलते जैविक हाट किसानों और आम नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय मंच बन चुका है।

जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग की पहल पर प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाला जैविक हाट इस रविवार को भी कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जैविक हाट स्थानीय निवासियों और जैविक खेती करने वाले किसानों के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में स्थापित हो चुका है, जहां उपभोक्ताओं को सीधे खेत से ताजे, रसायन-मुक्त फल, सब्जियां, अनाज एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध होती है।

## बिचौलियों पर निर्भरता में आई कमी

इस पहल से जहां नागरिकों को स्वास्थ्यवर्धक एवं सुरक्षित उत्पाद प्राप्त हो रहे हैं, वहीं किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल रहा है तथा बिचौलियों पर निर्भरता में कमी आई है। जैविक हाट से दोनों वर्गों में संतुष्टि और विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जैविक एवं स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# उर्वरक का विक्रय ई-विकास प्रणाली से ही करने के निर्देश

**नवभारत, जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय के एक अप्रैल से शतप्रतिशत उर्वरक का विक्रय ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करने के दिये गये निर्देशानुसार जिले के समस्त उर्वरक विकेताओं की शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध ?यक्षता करते हुए उप संचालक कृषि डॉ. एस के निगम ने जिले के सभी उर्वरक विकेताओं को उर्वरक का शत प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ई-विकास प्रणाली से उर्वरक विक्रय नहीं करने वाले उर्वरक विक्रेताओं पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



# रेस्टोरेंट में घुसा सांप मची अफरा-तफरी

**नवभारत,जबलपुर ।** भेड़ाघाट थानांतर्गत पंचवटी चौराहे पर स्थित बावर्ची रेस्टोरेंट में दोपहर बारह बजे एक सात फीट लंबा सांप प्रवेश कर गया जिसके कारण वहां अफरातफरी मच गई। रेस्टोरेंट संचालक ने डायल 112 को सूचना दी डायल 112 से प्रधान आरक्षक हरिओम बैस की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रेस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। दुबे के अनुसार पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का सांप है जो कि जहरीला नहीं होता है। गर्मी की उमस से राहत पाने के लिए सर्प रेस्टोरेंट में प्रवेश कर गया था। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

# घर से बाहर बुलाकर छात्र पर किया हमला

**नवभारत जबलपुर ।** अधारताल थाना अंतर्गत अंबेडकर कॉलोनी में 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र को घर से बाहर बुलाकर तीन युवकों डंडे से हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अंबेडकर कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय धीरज कोरी कक्षा 10वीं का छात्र है, बीती रात लगभग 11:50 बजे वह अपने घर में था, तभी परिचित शिवम खरे ने उसे फोन कर घर के बाहर मिलने के लिए बुलाया। जैसे ही धीरज घर के बाहर आया, वहां पहले से ही मोटरसाइकिल पर शिवम खरे के साथ अमर खरे और अंशु मौजूद थे। तीनों ने धीरज को घेर लिया और शराब पीने के लिए 1000 रुपये की मांग करने लगे। जब नाबालिग छात्र ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो मारपीट शुरू कर दी । इसी बीच शिवम खरे ने डंडे से धीरज के सिर पर जोरदार हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद सभी मौके से भाग गए।

# शराबी पति कर रहा पत्नी को प्रताड़ित

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम कुशनेर में शराबी पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुशनेर निवासी श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा (39) का विवाह वर्ष 2013 में सर्वेश कुमार विश्वकर्मा के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। दांपत्य जीवन में उनके दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी भी हैं। प्रभा ने पुलिस को बताया कि उसका पति सर्वेश शराब पीने का आदी है और इसी लत के कारण वह अक्सर छोटी-छोटी घरेलू बातों पर विवाद करता है। बीती रात 11:30 बजे आरोपी पति ने शराब के नशे में प्रभा के साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपना आपा खो दिया और प्रभा के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से क्रूरता करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। पीड़िता ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने प्रभा की रिपोर्ट पर आरोपी सर्वेश कुमार विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## गांजे के साथ सौदागर गिरफ्तार

**जबलपुर।** पुलिस पुलिस ने निरंदपुर में घेराबंदी कर एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम निरंदपुर में घेराबंदी कर चेतन सिंह राजपूत (18) निवासी ग्राम निरंदपुर को पकड़ा गया। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद थैले की तलाशी ली, तो उसमें 646 ग्राम निकला। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# टेलर के घर पर पथराव

▸ बाइक में तोड़फोड़, धमकाया

**नवभारत, जबलपुर ।** गढ़ा थाना अंतर्गत छोटी बजरिया में बीती रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। पुरानी रंजिश को लेकर चार आरोपियों ने एक टेलर के घर पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने न केवल घर पर पत्थरबाजी की बल्कि बाइक में तोड़फोड़ कर दी और परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।



## पुरानी शिकायत पर बौखलाये बदमाश

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप नामदेव निवासी बीड़ी तिराहा के पास फैशन टेलर के नाम से दुकान हैं, बीती करीब 2:30 बजे अभिजीत सिंगरहा अपने साथी जगदीश उर्फ जग्गा, लकी और अंशू सिंगरहा के साथ उनके घर पहुँचा। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर हंगामा किया और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब कुलदीप ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस हमले में एक पत्थर कुलदीप के दाहिने घुटने में लगा, जिससे वे घायल हो गए। बदमाशों द्वारा किए गए पथराव में घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एमएन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पत्थरों की चोट से घर के दरवाजे में दरारें आ गईं और दुकान की शटर भी पिचक गई। पीड़ित के अनुसार, इस हमले में उनका लगभग 5,000 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि यदि थाने में रिपोर्ट की, तो तुम लोगों को चैन से रहने नहीं देंगे और जान से खत्म कर देंगे। जानकारी के अनुसार, पीड़ित कुलदीप का करीब एक साल पहले अभिजीत सिंगरहा से विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत उन्होंने थाने में की थी। इसी बात की खुन्नस रखते हुए आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

# इंदौर के करण धनेलिया बने वर्ल्ड क्लास 2026 फाइनल्स के चैंपियन

**नवभारत,जबलपुर।** इंदौर का प्रतिनिधित्व कर रहे करण धनेलिया को डियाजियो इंडिया के वर्ल्ड क्लास फाइनल्स (भारत, नेपाल और श्रीलंका) के 12वें संस्करण में 'बारटेंडर ऑफ द ईयर 2026' चुना गया है। भारत की सबसे प्रतिष्ठित बारटेंडिंग प्रतियोगिताओं में से एक यह मुकाबला 27 और 28 मार्च को गुरुग्राम के ले मेरिडियन में आयोजित दो दिवसीय फाइनल के साथ शानदार तरीके से संपन्न हुआ।

इस साल का फाइनल खास रहा, जिसमें टॉप 8 में अब तक की सबसे ज्यादा महिला भागीदारी देखने को मिली। साथ ही जयपुर, कोयंबटूर, चंडीगढ़, अमृतसर जैसे टियर-2 शहरों के प्रतिभागियों के साथ देश के बड़े शहरों की भी मजबूत मौजूदगी रही। खास बात यह रही कि देश के दिल कहे जाने वाले इंदौर, जो अपने खाने के लिए मशहूर है, अब कॉकटेल कल्चर में भी अपनी पहचान बना रहा है। फाइनल्स के दौरान इंदौर के एटेलियर वी से करण धनेलिया अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे। उनके आत्मविश्वास, शांत स्वभाव और फ्लेवर्स के साथ किए गए प्रयोगों ने उन्हें बाकी प्रतिभागियों से अलग बनाया। उन्होंने एक खास ड्रिंक तैयार की, जिसमें अनियन सोडा और स्पिरुलिना सिरप का इस्तेमाल किया गया था, जो अपनी अलग सोच और स्वाद के कारण जजों पर गहरी छाप छोड़ गया। वहीं, स्पीड राउंड में क्लासिक ड्रिंक्स की उनकी समझ ने उन्हें बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की।

## नए मुकाम की तरह है ये जीत : करण धनेलिया

यह जीत उनके लिए एक नए मुकाम की तरह है, जो उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच तक ले जाती है। अब वे इस साल होने वाले वर्ल्ड क्लास ग्लोबल फाइनल्स में भारतीय उपमहाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह एक ऐसा मंच है, जिसने बारटेंडिंग की दुनिया के कई बड़े नामों को पहचान दिलाई है। इंदौर के एटेलियर वी में हेड मिक्सोलॉजिस्ट करण धनेलिया ने कहा, 'वर्ल्ड क्लास जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा क्षण है। इसके लिए मैंने कड़ी मेहनत की है और अब भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बेहद खास है। मुझे खुशी है कि मैं इंदौर को भारत के कॉकटेल मैप पर ला सका। इस पूरी यात्रा ने मुझे अपने काम को नए नजरिए से देखने के लिए प्रेरित किया है, चाहे वह फ्लेवर्स के साथ प्रयोग हो या एक ड्रिंक के जरिए कहानी कहना। इस मंच से मिला मार्गदर्शन मेरे लिए बेहद कीमती रहा है और अब मैं आगे के सफर को लेकर उत्साहित हूँ।'

## प्रतिस्पर्धा और जोश से भरी एक शाम

फाइनल मुकाबला जोश और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहा, जहाँ क्षेत्र के 21 बेहतरीन बारटेंडर्स ने हिस्सा लिया। अलग-अलग कॉन्सेप्ट पर आधारित चुनौतियों में म्यूजिक को फ्लेवर में बदलना (द सिंगलटन 12), आर्ट से प्रेरित ड्रिंक्स बनाना (डॉन जूलियो 1942) और अंत में स्पीड चैलेंज शामिल था, जिसमें दबाव के बीच सटीकता की परीक्षा ली गई। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन इंटरनेशनल जजेस के पैनल ने किया, जिसमें डेविड रियोस, टिम फिलिप्स, कोन्स्टेंटिनोस थियोडोराकोपोलोस, जेना बा, यांगदुप लामा और मीनाक्षी सिंह शामिल रहे।


क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई मेल- mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन- 0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक- 627/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 31.03.2026

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 21-04-2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है । निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_WRD_478519 | अपर वैनगंगा कॉलोनी सिवनी में स्थित क्वार्टरों का विशेष मरम्मत कार्य। | सिवनी | 4.09 |
| 2 | 2026_WRD_483200 | पद्दीनाला जलाशय के एल.बी.सी. नहर का वार्षिक मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.20 |
| 3 | 2026_WRD_483202 | बरवाही जलाशय में डी.सी. का निर्माण कार्य। | बालाघाट | 4.07 |
| 4 | 2026_WRD_483204 | आमगांव (पोंगार) जलाशय का वार्षिक मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.19 |
| 5 | 2026_WRD_483206 | परसाटोला जलाशय में सुपर पैसेज का निर्माण कार्य। | बालाघाट | 4.13 |
| 6 | 2026_WRD_485756 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध/नहरों की निगरानी बांध हेतु गेज मापने, गेट संचालन, नियंत्रण कार्य हेतु कुशल, अकुशल एंव अर्द्धकुशल श्रमिकों का प्रदाय। | पन्ना | 16.60 |
| 7 | 2026_WRD_488516 | सिहावल नहर प्रणाली (रामपुर नैकिन उपसंभाग) के विभिन्न आर.डी. पर माइनर एवं सबमाइनर गेटों का प्रदाय स्थापना तथा सुधार एवं मरम्मत कार्य। | शहडोल | 7.31 |
| 8 | 2026_WRD_488517 | सिहावल नहर प्रणाली आर.डी. 0.00 कि.मी. के 03 नग सी.आर. एवं 3 नग एच.आर. गेटों के रबरसील बदलीकरण का कार्य। | शहडोल | 6.32 |
| 9 | 2026_WRD_488518 | महान परियोजना गुलाब सागर मुख्य बांध परिसर में 33/0.44 के.व्ही. सबस्टेशन का मरम्मत एवं सुधार कार्य। | शहडोल | 3.66 |
| 10 | 2026_WRD_488519 | सिहावल नहर प्रणाली के (चुरहट उपसंभाग) विभिन्न आर.डी. पर माइनर गेटों का प्रदाय, स्थापना तथा सुधार एवं मरम्मत कार्य। | शहडोल | 0.85 |
| 11 | 2026_WRD_488520 | सिहावल नहर प्रणाली के आर.डी. 5.37 किमी के सी.आर. एवं एस्केप गेटों का सुधार मरम्मत रोप ड्रम असेंबली पार्ट्स के फेब्रिकेशन, सप्लाई एवं स्थापन का कार्य। | शहडोल | 6.63 |
| 12 | 2026_WRD_488521 | सिहावल मुख्य नहर प्रणाली के आर.डी. 73.00 किमी के एस्केप गेटों के रोप ड्रम असेंबली पार्ट्स के फेब्रिकेशन, प्रदाय, इरेक्शन, टेस्टिंग एवं स्थापना का कार्य। | शहडोल | 2.82 |
| 13 | 2026_WRD_488522 | सिहावल नहर प्रणाली के (अमिलिया उपसंभाग) विभिन्न आर.डी. पर माइनर एवं सबमाइनर गेटों के प्रदाय स्थापन तथा सुधार एवं मरम्मत कार्य। | शहडोल | 2.27 |
| 14 | 2026_WRD_488596 | नर्मदापुरम ट्यूबवेल कालोनी हेतु 400/200 मि.मी. व्यास (75 मीटर गहरा) ग्रेबल पैकड ट्यूबवेल खनन का कार्य। | नर्मदापुरम् | 1.35 |
| 15 | 2026_WRD_489546 | ढूंटी बॉयी तट नहर जिला बालाघाट के चेन क्र. 0 पर स्थित सर्विस गेट क्र. 01, 02, 03 नहर गेटों के मरम्मत का कार्य। | नरसिंहपुर | 5.22 |
| 16 | 2026_WRD_489549 | ला.म. एवं वि./यॉ. उपसंभाग भीमगढ़ की आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | नरसिंहपुर | 0.75 |
| 17 | 2026_WRD_489550 | बाघ आर.बी.सी. पुजारी टोला के चेन क्र. 0 पर स्थित इमरजेंसी एवं सर्विस नहर गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 3.00 |
| 18 | 2025_WRD_490211 | लाईट मशीनरी एवं वि/यां. उपसंभाग बैतूल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। (तृतीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 3.42 |
| 19 | 2025_WRD_490212 | लाईट मशीनरी एवं वि/यां. उपसंभाग बैतूल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। (द्वितीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 3.35 |
| 20 | 2026_WRD_490213 | तवा बांध की दांयी तट बांयी तट नहर के हाइमास्ट लाईट का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 3.07 |
| 21 | 2026_WRD_490214 | 500 के.व्ही.ए. 33/0.4 के.व्ही. सब-स्टेशन से डी.जी.रूम तक अतिरिक्त केबल प्रदाय एवं लगाने का कार्य। | नर्मदापुरम् | 1.40 |
| 22 | 2026_WRD_490317 | सिंध परियोजना के दांयी तट नहर यूएमआर में डी4 वितरिका की 8एल., 9आर, डी5 वितरिका की 9एल, 10आर, माइनर एवं बी.एम.आर. में डी8 वितरिका की समस्त माइनर नहरों का मरम्मत कार्य। | शिवपुरी | 19.80 |
| 23 | 2026_WRD_491694 | मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना (बरियारपुर) हेड रेग्यूलेटर पर विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 4.24 |
| 24 | 2026_WRD_491695 | पवई मध्यम बांध सिंचाई परियोजना में विद्युतीय अवयवों के प्रदाय व स्थापना सहित विभिन्न यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 13.38 |
| 25 | 2026_WRD_491751 | कार्यालय प्रमुख अभियंता, कार्यालय मुख्य अभियंता, वि./यां., कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वि./यां. मंडल-भोपाल, के एयर कंडीशनर्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 4.15 |
| 26 | 2026_WRD_491753 | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन भवन, भोपाल स्थित डेजर्ट कूलर्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 4.36 |
| 27 | 2026_WRD_491755 | कार्यालय मुख्य अभियंता, चम्बल बेतवा कछार, भोपाल एवं कार्यालय अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मंडल-भोपाल, के एयर कंडीशनर्स एवं वाटर कूलर मशीन का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.00 |
| 28 | 2026_WRD_491757 | कार्यालय मुख्य अभियंता, चम्बल बेतवा कछार, भोपाल के डेजर्ट कूलर्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.99 |
| 29 | 2026_WRD_491758 | कार्यालय अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मंडल-भोपाल स्थित डेजर्ट कूलर्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.63 |
| 30 | 2026_WRD_492602 | समोहा पिकअप वियर की क्षतिग्रस्त पिचिंग का मरम्मत कार्य। | शिवपुरी | 7.05 |
| 31 | 2026_WRD_492603 | सिंध परियोजना आर.बी.सी. संभाग करैरा की महुअर कालोनी की क्षतिग्रस्त आंतरिक सड़को एवं नालियों का मरम्मत कार्य। | शिवपुरी | 2.85 |
| 32 | 2026_WRD_492840 | बाणसागर परियोजना के मुख्य बांध देंवलोद के हॉइस्ट ब्रिज में प्रकाश व्यवस्था हेतु पॉवर केबल प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | शहडोल | 4.19 |
| 33 | 2026_WRD_492841 | बाणसागर परियोजना में 180 के.व्ही. ए. डी.जी. सेट से दांए तट गैलरी कंट्रोल पैनल तक पॉवर केबल प्रदाय, स्थापना एवं कंट्रोल पैनल का मरम्मत कार्य। | शहडोल | 4.09 |
| 34 | 2026_WRD_492842 | बाणसागर परियोजना के अति विशिष्ट विश्रामगृह की बाह्य विद्युतीकरण का मरम्मत कार्य। | शहडोल | 0.84 |
| 35 | 2026_WRD_492843 | बाणसागर सी.डब्ल्यू.सी. नहर के आर.डी. 35.00 किमी के सी.आर गेटों का मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। | शहडोल | 0.88 |
| | | | कुल योग | 159.14 |

जी.- 11120/26 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)



कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला डिण्डौरी, (म.प्र.)

एनआईटी नं.- 09/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/मु.अ.(भ.)/.... जबलपुर दिनांक 27.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_496217_1 | जिला मुख्यालय डिण्डौरी में 100 सीटर आयुर्वेदिक अस्पताल, 100 सीटर आयुर्वेदिक महाविद्यालय, 200 सीटर बालक एवं 200 सीटर बालिका छात्रावास, 01 नग ई, 15 नग एफ, 16 नग एच, 16 नग आई टाइप तथा रिटेल जोन एवं कैफेटेरिया आदि का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | डिण्डौरी | 7657.83 | 3828915.00 | 50000.00 | 24 माह वर्षाऋतु सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https:// mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.04.2026 समय 09:00 से दिनांक 15.04.2026 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग डिण्डौरी (म.प्र.)

जी.- 11097/26 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल